राजधानी • वर्ष 18 | अंक 118 | पृष्ठ: 14+4 | मूल्य: तीन रुपये 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण amarujala.com नई दिल्ली | बृहस्पतिवार, 6 अगस्त 2020

दिवाली की तरह जगमगाया शहर, घर-घर जले दीप

जिले के सेक्टरों, सोसाइटी से लेकर गांवों तक 'जय सियाराम' की गूंज

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा/ग्रेटर नोएडा। श्रीराम मंदिर के लिए अयोध्या में बुधवार को हुए भूमि पूजन की खुशी में जिले के लोगों ने दीप जलाकर दिवाली मनाई। हर तरफ खुशी का माहौल दिखाई दिया। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट सेक्टरों और सोसाइटियों सहित गांवों के लोगों ने जमकर जश्न मनाया। मंदिरों और सोसाइटियों को रंगीन रोशनियों से सजाया गया। मंदिरों में दिनभर जय सियाराम के नारे गूंजते रहे। जगह-जगह लोगों ने हवन कर पूजा-अर्चना की। साथ ही, मंदिरों व सड़कों पर लोगों ने प्रसाद बांटा। रात होते ही लोगों ने घरों में दीये जलाकर एक दूसरे को बधाई दी। रबूपुरा में 101 किलो लड्डू का भोग लगाकर व 101 दीपक जलाकर श्रीराम की आरती व मंगल गान किया।

जिले में दोपहर से ही मंदिरों में पूजा-अनुष्ठान शुरू हो गया। साइट-4 स्थित रामलीला स्थल पर विधायक धीरेंद्र सिंह समेत अन्य लोगों ने हवन व पौधरोपण किया। हवन के बाद 11 किलो लड्डू व खीर का प्रसाद वितरित किया गया और रामलीला मैदान में 21 पौधे लगाए गए। विधायक धीरेंद्र सिंह ने भी पौधरोपण किया और 1.11 लाख रुपये की सहयोग राशि का चेक सौंपा। पी-4 के प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में भी हवन-यज्ञ हुआ। ईटा-1 में महर्षि पाणिनि धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से गुरुकुल ग्रेटर नोएडा में यज्ञ हुआ। हिंदू युवा वाहिनी ने भी हवन किया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर, जारचा, बिसरख, दादरी, जेवर, रबूपुरा, दनकौर, कासना आदि मंडलों की ओर से कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में दीप जलाए। जय भारत मंच की ओर से अपने घरों में दीप जलाए गए।

नोएडा सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह व फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा समेत अन्य लोगों ने विशेष पूजा पाठ में भाग लिया। सेक्टर-20 हनुमान मंदिर, सेक्टर-2 लाल मंदिर, सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर समेत सेक्टर व गांवों के देवालयों में पूरे दिन पूजा पाठ जारी रहा। इसी तरह ग्रेनो वेस्ट की वैलेंसिया होम्स सोसाइटी के वासियों ने हनुमान मंदिर में जाकर पूजा की और राम मंदिर के भूमि पूजन की खुशी में प्रसाद का वितरण किया। ला रेजीडेंसिया सोसाइटी की महिलाओं ने भी पूजा की। भजन-कीर्तन में नृत्य कर खुशियां मनाईं। श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट ने हवन किया।

गौड़ सिटी के राधा-कृष्ण मंदिर के राम दरबार में बिल्डर की तरफ से 11 किग्रा चांदी की ईंट का पूजन किया जो राम मंदिर के निर्माण में भेंट की जाएगी।

खुशी के दीप : ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ईको विलेज सोसाइटी में जलाए गए दीये। यहां दीपों से लिखा था 'जय श्रीराम'।

101 किलोग्राम के लड्डू का रबूपुरा में भोग लगाया

1.11 लाख का चेक जेवर विधायक ने सौंपा

गौड़ सिटी के राधा-कृष्ण मंदिर के राम दरबार में बिल्डर की तरफ से 11 किग्रा चांदी की ईंट का पूजन किया जो राम मंदिर के निर्माण में भेंट की जाएगी।